किराए के घर में रहने वाले 502 हितग्राहियों के खुद का पक्का घर का सपना हुआ पूरा, सभी को मिला आवास, हितग्राहियों के चेहरे खिले, महापौर नीरज पाल ने हितग्राहियों को दी बधाई तथा वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

भिलाई नगर/ किराए के घर में रह रहे ऐसे लोग जो कई दिनों से आवास की राह देख रहे थे तथा खुद का पक्का मकान का सपना देख रहे थे इन लोगो का इंतजार आज समाप्त हो गया। 502 हितग्राहियों को आज लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लॉटरी की शुरुआत कराई। महापौर ने आवास आबंटित हुए हितग्राहियों को मकान मिलने पर सभी को बधाइयां दी। आवास आबंटन होने पर हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान साफ नजर आई। लॉटरी प्रारंभ करने के दौरान लगभग 40 दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए उनके लिए पहले आवास आबंटन की कार्यवाही की गई तथा इन लोगों को पहले शामिल करते हुए लॉटरी निकली गई। दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर तथा शासन के नियम के तहत भूतल पर आवास आबंटित किया गया। लॉटरी में शामिल होने वाली पहली दिव्यांग हितग्राही बरखा को ग्राउंड फ्लोर में पहला आवास मिला। हितग्राहियों ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी , निगम, शासन और प्रशासन सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान , मोर आस के तहत किराएदार के रूप में निवास करने वाले पात्र हितग्राही जिन्होंने 10% की राशि जमा की थी उन्हें आज लॉटरी में शामिल किया गया था। पहले यह राशि अधिक थी शासन ने सहूलियत देते हुए प्रथम किस्त की राशि को कम किया तथा आसान किस्तों में राशि जमा करने की छूट दी है। इसके चलते हितग्राहियों को राशि जमा करने में आसानी हो रही है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में आज 502 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका खुद का पक्का घर हो , यह स्वप्न आज हितग्राहियों का पूरा हुआ है। अब बेझिझक अपने आवास में यह रह पाएंगे। बता दे कि आवास आबंटन के पूर्व निगम ने इसे लेकर संपूर्ण तैयारी कर ली थी , हितग्राही भी तय समय पर मौजूद हो गए थे। शांतिपूर्ण तरीके से आवास आबंटन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हुई। हितग्राहियों ने लॉटरी निकाल कर आवास क्रमांक के आधार पर आवास अपने नाम किया। आवास आबंटन से पूर्व ही लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह था। आज आवास आबंटन के दौरान प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल , सभापति गिरवर बंटी साहू , अधीक्षण अभियंता एवं नोडल अधिकारी दीपक जोशी , कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा , आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। 20 साल से किराए के घर में रहने वाली आरती मंडावी ने जाहिर की खुशी 20 साल से किराए के आवास में रहने वाली आरती मंडावी ने बताया कि काफी वर्ष हो मुझे किराए के मकान में रहते हुए , कभी इस घर से उस घर बदलते भी रहा आखिरकार आज जाकर मुझे अपना खुद का आवास मिला है। इसी प्रकार से राकेश

भेंडरे ने बताया कि पहले किरायेदारों के लिए किसी भी प्रकार की योजना खुद का घर प्राप्त करने के लिए नहीं था, जैसे ही योजना की जानकारी हुई मुझे मकान की आस बढ़ गई , सोचा नहीं था की इतनी जल्दी मकान मुझे मिल पाएगा। 15 साल से किराए के मकान में रहने वाले दयाशंकर गुप्ता ने बताया कि बहुत ही सपने मैंने मकान के लिए देखे थे , पर नया खुद का मकान बनाने के लिए आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, हमेशा इसी विचार में लगा रहता था कि अब कैसे खुद का आवास मिले, घर वालो ने भी बड़ी उम्मीद लगाई थी आज वो मुराद आवास मिलने से पूरी हो गई। हितग्राहियों ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी , शासन और प्रशासन सभी का आभार व्यक्त किया। इन क्षेत्रों में हितग्राहियों को मिला आवास किराएदारी में निवासरत 91 हितग्राहियों को माइलस्टोन स्कूल के पास , 39 हितग्राहियों को ग्रीन वैली खमरिया , 154 हितग्राहियों को सूर्या विहार के पीछे खमरिया , 81 हितग्राहियों को सूर्या विहार के पीछे खमरिया , 27 हितग्राहियों को अविनाश मेट्रो पॉलिश, 7 हितग्राहियों को केईसी के पीछे खमरिया, 6 हितग्राहियों को एनआर स्टेट खमरिया, 134 हितग्राहियों को आम्रपाली फेस 2 में मकान आबंटित करने की प्रकिया की गई।